महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

दिनांक 24.10.2019 को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 63वीं बैठक श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक(मानव संसा.विकास/कौशल विकास) की अध्यक्षता एवं श्री कृष्ण देव प्रसाद, महाप्रबंधक(प्रबं.प्रशि.सं./राजभाषा) की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि एमसीएल, भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्णतया अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प हैं इसके लिए राजभाषा नियमों के सभी मदों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि गृह मंत्रालय,भारत सरकार,राजभाषा विभाग द्वारा सौंपे गए राजभाषा कार्यान्वयन के संपूर्ण दायित्व का निर्वाह हो। कार्यालयों में नियमित रुप से बैठकें एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना चाहिए, इससे कार्मिकों को राजभाषा कार्यान्वयन में आनेवाली कठिनाइयों को दूर करने में मदद मिलती है।

बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण देव प्रसाद, महाप्रबंधक(प्रबं.प्रशि.सं./राजभाषा),एमसीएल ने अध्यक्ष महोदय तथा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें राजभाषा हिंदी के क्लीष्ट शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए और इसके प्रयोग में व्याकरण के कारण झिझक नहीं होनी चाहिए। व्याकरण की परवाह न करते हुए हिंदी के सरल व सुबोध शब्दों में अपना भाव व्यक्त करना ही राजभाषा हिंदी का उद्देश्य है।

बैठक में क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/राजभाषा अधिकारी एवं मुख्यालय के सभी राजभाषा अधिकारी एवं सहायकगण उपस्थित हुए।

श्री बी.आर.साहू कलिहारी, उप प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),राजभाषा विभाग ने गत बैठक के निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की । इसके साथ ही पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जून एवं सितंबर,2019 तिमाही रिपोर्टों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसकी समीक्षा की गई।

श्रीमती तूलिका बिश्वास, सहायक प्रबंधक(राजभाषा), राजभाषा विभाग,मुख्यालय द्वारा बैठक का सफल संचालन किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की घोषणा की गई।

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक
दिनांक: 24.10.2019
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक
दिनांक: 24.10.2019
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020

MCL
दिनांक: 24.10.2019